# Daily Current Affairs

Date : 12 January, 2026

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | ‘खेलो इंडिया बीच गेम्स-2026’ में राजस्थान के 5 पदक |
| 2. | 32वाँ अंतरराष्ट्रीय ऊँट महोत्सव – बीकानेर |
| 3. | राजस्थान साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (R4C) |
| 4. | इलेक्ट्रोपैथी दिवस - 2026 : राज्य स्तरीय समारोह |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. निशानेबाज पूनम कुमार चौधरी का निधन<br>2. 'नज़र ऐप' को स्कॉच अवॉर्ड<br>3. चूरू पुलिस स्टेशन : बेस्ट पुलिस स्टेशन का अवॉर्ड<br>4. खेलो इंडिया योजना के तहत् मल्टी परपज इंडोर हॉल<br>5. राजस्थान विधानसभा हेतु ‘नेवा सॉफ्टवेयर’<br>6. राजस्थान इंडस्ट्रीज़ एंड SME समिट – 2026<br>7. पूगल सोलर पार्क : बीकानेर<br>8. अरुंधति चौधरी (कोटा)<br>9. पलाश बार्बर |
| 6. | शक्सगाम घाटी |
| 7. | वाइमर /वीमर त्रिकोण |
| 8. | द सैक्शंनिग रशिया एक्ट ऑफ-2025 |
| 9. | जलवाष्प |
| 10. | जिला आधारित वस्त्र क्षेत्रक रूपान्तरण पहल: DLTT |
| 11. | भारतीय न्यायपालिका का डिजिटलीकरण |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## 'खेलो इंडिया बीच गेम्स-2026' में राजस्थान के 5 पदक

### चर्चा में क्यों?

- केंद्रशासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में आयोजित 'खेलो इंडिया बीच गेम्स-2026' में राजस्थान ने 2 स्वर्ण और 3 कांस्य सहित कुल 5 पदक जीते।




### मुख्य बिन्दु:

- **राजस्थान का ओवरऑल स्थान :** 10वाँ (2 स्वर्ण और 3 कांस्य पदक)
- **स्वर्ण पदक :** राजस्थान की पुरुष और महिला कबड्डी टीम ने फाइनल में हरियाणा की पुरुष और महिला कबड्डी टीमों को हराकर 2 स्वर्ण पदक जीते।
- **कांस्य पदक :** राजस्थान ने पेनकैक सिलाट (Pencak Silat) प्रतियोगिता में 3 कांस्य पदक जीते।
- **पदक विजेता :** सूरज गोरा (टैंडिंग 70 किग्रा), रवि चौधरी (टैंडिंग 90 किग्रा) और चैना राम सेपट (टैंडिंग 95 किग्रा)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## खेलो इंडिया बीच गेम्स के बारे में:-

- **आयोजन :** 05 से 10 जनवरी, 2026 तक दीव में।
- **आयोजक :** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय।
- **संस्करण :** द्वितीय।
- **शुभंकर :** 'पर्ल्स - द डॉल्फिन'।
- **थीम :** 'खेल के सितारे, दीव के किनारे'।
- **प्रथम स्थान :** कर्नाटक (3 स्वर्ण, 2 रजत, 6 कांस्य सहित कुल 11 पदक)
- **खेल विधाएँ :** 8 (6 प्रतिस्पर्धी और 2 डेमो) खेल विधाएं।

UTKARSH CIVIL SERVICES




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 32वाँ अंतरराष्ट्रीय ऊँट महोत्सव – बीकानेर

## चर्चा में क्यों?

- 9 से 11 जनवरी, 2026 तक बीकानेर में अंतरराष्ट्रीय ऊँट महोत्सव का 32वाँ संस्करण आयोजित किया गया।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजक :** राजस्थान पर्यटन विभाग तथा बीकानेर ज़िला प्रशासन।

### पुरस्कार विजेता:

- **मिस मरवण :** अंकिता सुथार।
- **मिस्टर बिकाणा :** लखन पारीक।
- **ढोला मरवण :** किशोर कल्ला व स्वाति कल्ला।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- **उष्ट्र संरक्षण योजना :** पशुपालन विभाग द्वारा राज्य पशु ऊँट के पशुपालकों को आर्थिक रूप से संबल प्रदान करने के उद्देश्य से उष्ट्र संरक्षण योजना के तहत् दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को ₹10,000 से बढ़ाकर ₹20,000 कर दिया गया है।
- **राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र :** बीकानेर।
- **राष्ट्रीय ऊँट दौड़ चैम्पियनशिप :** 6 जुलाई, 2025 को पुष्कर में 'राष्ट्रीय ऊँट दौड़ चैम्पियनशिप' के प्रथम संस्करण का आयोजन किया गया।
- **अंतरराष्ट्रीय ऊँट महोत्सव :** बीकानेर में प्रति वर्ष अंतरराष्ट्रीय ऊँट महोत्सव का आयोजन किया जाता है।
- **राज्य पशु :** ऊँट आबादी के संरक्षण, संवर्द्धन और अवैध शिकार की रोकथाम के उद्देश्य से राजस्थान सरकार द्वारा वर्ष 2014 में ऊँट को आधिकारिक रूप से राज्य पशु घोषित किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### मारवाड़ में आयोजित अन्य महोत्सव:

| क्रमांक | महोत्सव का नाम | आयोजन अवधि | आयोजक | अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मरू महोत्सव – 2025 | 09 – 12 फरवरी, 2025 | राजस्थान पर्यटन विभाग | मिस्टर डेजर्ट (मरू श्री) – धीरज पुरोहित (जैसलमेर)<br>मिस मूमल - कोमल सिद्ध (बीकानेर) |
| 2. | मारवाड़ महोत्सव, जोधपुर | 6 से 7 अक्टूबर, 2025 | राजस्थान पर्यटन विभाग | मारवाड़श्री – नरसिंह चौहान। |
| 3. | थार महोत्सव, बाड़मेर | 8–9 अक्टूबर 2025 | राजस्थान पर्यटन विभाग | कार्यक्रम की थीम : 'रंग रेगिस्तान के'।<br>थार कुमारी (2025) : नक्षत्री चौधरी।<br>थार श्री (2025) : धर्मेन्द्र डाबी। |

UTKARSH




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर (R4C)

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर (I4C) की तर्ज पर 'राजस्थान साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर (R4C)' की स्थापना किए जाने की घोषणा की गई।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- **इस केंद्र को साइबर अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे सभी जिलों में सूचना साझा करने और अनुसंधान के लिए एक मजबूत केंद्रीकृत ढांचा तैयार होगा।**
- **राजस्थान का पहला साइबर सपोर्ट सेंटर :** 24 मई, 2025 को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में 'राजस्थान के पहले साइबर सपोर्ट सेंटर' की शुरुआत की गई। यह साइबर सपोर्ट सेंटर 'रेस्पोन्सिबल नेटिज़न्स एवं कोग्टा फाउंडेशन' द्वारा संचालित किया जा रहा है।
- **नोट :** पुलिस मुख्यालय, जयपुर में राजस्थान पुलिस और साइबरपीस के संयुक्त तत्वावधान में 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन ऑपरेटर्स की 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स वर्कशॉप' का आयोजन किया गया।
- **नोट :** राजस्थान पुलिस द्वारा साइबर ठगी की रोकथाम के लिए विभिन्न ऑपरेशन और अभियान संचालित किए जा रहे हैं। जिनमें प्रमुख है - ऑपरेशन म्यूल अकाउंट एवं POS, ऑपरेशन साइबर शील्ड, ऑपरेशन एंटी वायरस और ऑपरेशन वज्र प्रहार।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर (I4C)

- **स्थापना :** गृह मंत्रालय के तहत् साइबर और सूचना सुरक्षा प्रभाग (CIS डिवीजन) द्वारा 5 अक्टूबर, 2018 को।
- **उद्घाटन :** 10 जनवरी, 2020 को गृह मंत्री अमित शाह द्वारा।
- **मुख्यालय :** नई दिल्ली।
- **मुख्य उद्देश्य :** साइबर अपराध से संबंधित सभी मुद्दों के समाधान के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का समन्वय केंद्र स्थापित करना।
- I4C का उद्देश्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों (LEAs) की क्षमताओं में सुधार करना और साइबर अपराध से समन्वित तरीके से निपटने के लिए ढाँचा और पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करना है।




UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# इलेक्ट्रोपैथी दिवस - 2026 : राज्य स्तरीय समारोह

## चर्चा में क्यों?

- उप-मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा की अध्यक्षता में 11 जनवरी, 2026 को विश्व इलेक्ट्रोपैथी दिवस का राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन स्थल :** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC), जयपुर।
- **इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड :** 30 अप्रैल, 2025 को राजस्थान सरकार द्वारा 'इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड' के गठन की अधिसूचना जारी की गई।
- इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति और बोर्ड को मान्यता देने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य है।
- इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड को वैधानिक मान्यता प्रदान करने हेतु राजस्थान विधानसभा द्वारा वर्ष 2018 में 'राजस्थान इलेक्ट्रोपैथी सिस्टम ऑफ मेडिसिन बिल 2018' पारित किया गया था।
- अधिसूचना के साथ ही, 01 मई, 2025 से यह बोर्ड गठित हुआ माना जाएगा।
- राज्य सरकार द्वारा गठित इस बोर्ड में अध्यक्ष सहित छह सदस्य होंगे।

### संरचना:

- **अध्यक्ष :** आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा एवं होम्योपैथी विभाग के प्रमुख सचिव।
- **सदस्य:**
  - हेमंत सेठिया।
  - गोविंदलाल सैनी।
  - कुलदीप वर्मा।
  - हरिसिंह बूमरा।
  - SS पाटोदिया।
- **इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति :** इलेक्ट्रोपैथी एक अपेक्षाकृत नई चिकित्सा पद्धति है, जिसे उच्चतम न्यायालय द्वारा वैकल्पिक चिकित्सा प्रणाली की श्रेणी में मान्यता प्राप्त है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इस चिकित्सा पद्धति की खोज सर्वप्रथम वर्ष 1865 में एक इतालवी सशस्त्र बल अधिकारी डॉ. काउंट सीज़र मैटी द्वारा की गई थी।
- यह चिकित्सा प्रणाली पूर्णत: हर्बल (वनस्पति) पर आधारित है, जो वनस्पति-जगत से प्राप्त औषधीय गुणों पर आधारित है।
- इन औषधीय गुणों को कोहोबेशन (जिसकी प्रक्रिया आयुर्वेद में अर्क निकालने जैसी होती है) के माध्यम से निकाला जाता है और नियंत्रित अनुपात में डिस्टिल्ड एवं डिनैचर्ड अल्कोहल युक्त जल और स्पैजेरिक एसेंस के साथ मिलाया जाता है।
- इलेक्ट्रोपैथी पद्धति का पूरा सिद्धांत मानव शरीर में दो महत्त्वपूर्ण द्रवों — रक्त (Blood) और लसीका (Lymph) के संतुलन पर आधारित है।
- **नोट:** प्रति वर्ष 11 जनवरी को इलेक्ट्रोपैथी पद्धति के जनक डॉ. काउंट सीज़र मैटी के जन्म दिवस पर विश्व इलेक्ट्रोपैथी दिवस मनाया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **निशानेबाज पूनम कुमार चौधरी का निधन**<br>■ अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी में देश को दो बार पदक दिलाने वाले गिड़ा (बालोतरा) निवासी निशानेबाज पूनम कुमार चौधरी का निधन हो गया।<br><br>■ पूनम कुमार ने वर्ष 2001 में कॉमनवेल्थ शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।<br>■ उन्होंने निशानेबाजी में कुल 88 मेडल जीते, जिनमें से 86 नेशनल मेडल थे, जिनमें 17 स्वर्ण पदक शामिल है।<br>■ वर्ष 2018 में राजस्थान सरकार द्वारा पूनम कुमार चौधरी को महाराणा प्रताप अवार्ड से सम्मानित किया गया था। |
| 2. | **'नज़र ऐप' को स्कॉच अवॉर्ड**<br>■ हाल ही में, नई दिल्ली में आयोजित 105वें स्कॉच समिट कार्यक्रम में राजस्थान पुलिस के 'नज़र ऐप' को स्कॉच अवॉर्ड प्रदान किया गया।<br><br>■ श्रेणी : टेक्नोलॉजी इनोवेशन कैटेगरी।<br>■ 'नज़र ऐप' एक नागरिक सुरक्षा आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से लोग अपने घरेलू नौकरों, किरायेदारों और कर्मचारियों का विवरण आसानी से पुलिस के साथ साझा कर सकते हैं। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**3. चूरू पुलिस स्टेशन : बेस्ट पुलिस स्टेशन का अवॉर्ड**

- हाल ही में, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा चूरू जिले के रतन नगर पुलिस स्टेशन को राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ थाने का पुरस्कार प्रदान किया गया।

**4. खेलो इंडिया योजना के तहत् मल्टी परपज इंडोर हॉल**

- हाल ही में, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा खेलो इंडिया योजना के तहत् राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में मल्टी परपज इंडोर हॉल का वर्चुअल लोकार्पण किया गया।

**5. राजस्थान विधानसभा हेतु 'नेवा सॉफ्टवेयर'**




- राजस्थान विधानसभा में नेवा सॉफ्टवेयर से विधायी कार्यों के डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।
- 'नेवा' (NeVA - National e-Vidhan Application) राजस्थान विधानसभा सहित सभी विधानमंडलों को पेपरलेस और डिजिटल बनाने के लिए भारत सरकार के 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम के तहत् एक एप्लीकेशन है, जो विधायकों को टैबलेट पर एजेंडा, प्रश्न, बिल, रिपोर्ट जैसी जानकारी देता है और उन्हें प्रश्न व नोटिस ऑनलाइन जमा करने की सुविधा देता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 6. | **राजस्थान इंडस्ट्रीज़ एंड SME समिट – 2026**<br>▪ SME चैम्बर ऑफ इंडिया और मैन्युफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 20 जनवरी, 2026 को जयपुर में 'राजस्थान इंडस्ट्रीज़ एंड SME समिट' का आयोजन किया जाएगा।<br>▪ समिट का विषय : 'उभरते व्यापार, निर्यात, निवेश और सहयोग के अवसरों का अन्वेषण'।<br>▪ यह समिट राजस्थान को औद्योगिक हब बनाने और विकसित भारत के लक्ष्य में अग्रणी भूमिका निभाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है। |
| 7. | **पूगल सोलर पार्क : बीकानेर**<br>▪ राजस्थान सरकार द्वारा पूगल सोलर पार्क में 2,450 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजनाओं के साथ 1,600 मेगावाट/6,400 मेगावाट-घंटे बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली की स्थापना की जाएगी।<br><br><br>▪ राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड की सहायक कंपनी राजस्थान सोलर पार्क डवलपमेंट कंपनी इस परियोजना के लिए आधारभूत ढांचा विकसित कर रही है।<br>▪ इस परियोजना को 'बिल्ड ऑन ऑपरेट' (BOO) मॉडल के तहत् विकसित किया जाएगा।<br>▪ पार्क को दो भागों में विकसित किया जाएगा। प्रथम भाग में 2,000 मेगावाट सौर ऊर्जा के साथ ही 1,320 मेगावाट/5,280 मेगावाट-घंटे बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम का विकास होगा। दूसरे भाग में 450 मेगावाट सौर ऊर्जा तथा 280 मेगावाट/1,120 मेगावाट-घंटे ऊर्जा भंडारण प्रणाली विकसित होगी। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 8. | **अरुंधति चौधरी (कोटा)**<br>■ 4 से 10 जनवरी, 2026 तक ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश) में आयोजित 9वीं नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कोटा की अरुंधति चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता।<br>■ भारतीय सेना में हवलदार पद पर कार्यरत अरुंधति ने इस चैंपियनशिप में सीमा सुरक्षा कंट्रोल बोर्ड की ओर से खेलते हुए गोल्ड मेडल जीता। |
| 9. | **पलाश बार्बर**<br>■ थाईलैंड में आयोजित 2026 SAFF फुटसल चैंपियनशिप (SAFF Futsal Championship) में उदयपुर के पलाश बार्बर का चयन हुआ। |

UTKARSH CIVIL SERVICES



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## शक्सगाम घाटी

### चर्चा में क्यों?

- भारत ने शक्सगाम घाटी में चीन की अवसंरचना परियोजनाओं पर औपचारिक रूप से आपत्ति दर्ज कराई है।




### मुख्य बिन्दु:

**शक्सगाम घाटी – अतिरिक्त जानकारी-**

- **अवस्थिति:** लद्दाख (काराकोरम) के उत्तर में।
- **अवैध हस्तांतरण:** वर्तमान में चीन का नियंत्रण, पाकिस्तान ने 1963 के चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते के बाद अवैध रूप से चीन को सौंपी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### भौगोलिक विशेषताएँ:

- इसे ट्रांस-काराकोरम ट्रैक्ट के नाम से भी जाना जाता है। यह शक्सगाम नदी के दोनों किनारों पर विस्तृत है।
- यह उत्तर में कुनलुन पर्वत और दक्षिण में काराकोरम श्रेणी से घिरा है।
- यह भौगोलिक रूप से सियाचिन ग्लेशियर के निकट स्थित है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## वाइमर /वीमर त्रिकोण

### चर्चा में क्यों?

- भारत ने पहली बार वाइमर/वीमर ट्रायंगल प्रारूप में भाग लिया।



### मुख्य बिन्दुः

**अतिरिक्त जानकारी-**

- यह फ्रांस, जर्मनी और पोलैण्ड का एक त्रिपक्षीय राजनीतिक और राजनयिक समूह है, जिसकी स्थापना वर्ष 1990 में वाइमर/वीमर के नाम से की गई थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **उद्देश्य:** एक एकजुट, सुरक्षित और लचीला यूरोप बनाना और पश्चिम तथा मध्य यूरोपीय शक्तियों के बीच राजनीतिक, सुरक्षा और आर्थिक सहयोग को मजबूत करना है।

**भारत की भागीदारी महत्त्वपूर्ण क्यों?**

1. यह द्विपक्षीय संबंधों से परे, भारत यूरोप के रणनीतिक अभिसरण को दर्शाता है।
2. यह भारत के लिए यूरोपीय समर्थन को दर्शाता है; जैसे- ऊर्जा सुरक्षा की आवश्यकता, स्वतंत्र विदेश नीति संबंधी भारत के निर्णय।
3. यह औपचारिक यूरोपीय संघ संरचनाओं के बाहर भी, प्रमुख यूरोपीय सुरक्षा मंचों के साथ भारत की सहभागिता का विस्तार करता है।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# द सैक्शंनिग रशिया एक्ट ऑफ-2025

## चर्चा में क्यों?

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूसी तेल के व्यापार पर 500% टैरिफ आरोपित करने वाले विधेयक को मंजूरी प्रदान की।




## मुख्य बिन्दु:


- इस विधेयक के लागू होने के बाद अमेरिका को रूसी तेल, गैस, यूरेनियम आदि खरीदने वाले देशों पर भारी प्रशुल्क और द्वितीयक प्रतिबंध लगाने में समक्ष बनाएगा।

### भारत के लिए संभावित प्रभाव

- **व्यापार में बाधा:** संयुक्त राज्य अमेरिका को होने वाला भारत का 120 अरब डॉलर का वार्षिक निर्यात नकारात्मक रूप से प्रभावित।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- वस्त्र, फुटवियर, समुद्री उत्पाद जैसे श्रम प्रधान क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धी क्षमता व निर्यात संभावनाओं में कमी।
- **सौदेबाजी क्षमता में कमी:** यह यूरोपीय संघ, खाड़ी सहयोग परिषद् आदि संस्थाओं के साथ भविष्य के व्यापार समझौतों की वार्ताओं पर नकारात्मक प्रभाव।
- अन्य प्रभाव: भारत- अमेरिका संबंधों में गिरावट, आर्थिक संवृद्धि दर पर प्रभाव।



# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## जलवाष्प

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में हुए अध्ययन के अनुसार जलवाष्प वायुमण्डल को एयरोसोल्स की तुलना में अधिक गर्म करती है।



### मुख्य बिन्दु:

- एयरोसोल्स वायुमण्डल में निलंबित सुक्ष्म कण होते हैं।
- सिन्धु-गंगा का मैदान एयरोसोल्स संकेन्द्रण के लिए वैश्विक हॉटस्पॉट माना जाता है।

**जलवाष्प – अतिरिक्त जानकारी-**

- यह सबसे प्रचुर मात्रा में पाई जाने वाली ग्रीनहाउस गैस है।
- यह संघनीय है, अर्थात् इसे गैस से द्रव अवस्था में बदला जा सकता है।
- इसकी मात्रा ऊँचाई के साथ घटती है तथा भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर कम होती जाती है।
- गर्म उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में यह वायु के आयतन का लगभग 4 प्रतिशत तक हो सकती है जबकि शुष्क एवं ठंडे मरुस्थलीय एवं ध्रुवीय क्षेत्रों में यह 1 प्रतिशत से भी कम हो सकती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## जिला आधारित वस्त्र क्षेत्रक रूपान्तरण पहल: DLTT

### चर्चा में क्यों?

- वस्त्र मंत्रालय ने भारत के वस्त्र क्षेत्रक में समावेशी और सतत् संवृद्धि को गति देने के लिए DLTT पहल शुरू की।




### मुख्य बिन्दु:

**मुख्य विशेषताएँ-**

- **लक्ष्य:** 100 उच्च क्षमता वाले जिलों को वैश्विक निर्यात चैंपियन के रूप में विकसित करना तथा 100 आकांक्षी जिलों को आत्मनिर्भर केन्द्रों में बदलना।
- **जिलों का वर्गीकरण:** जिलों को तीन मानकों (निर्यात प्रदर्शन, MSME तंत्र कार्यबल की उपस्थिति) के आधार पर चैंपियन जिलों और आकांक्षी जिलों में वर्गीकृत किया जाएगा।
- जनजातिय विकास, कनेक्टिविटी में सुधार तथा भौगोलिक संकेतक के संदर्भ में पूर्व एवं पूर्वोत्तर क्षेत्रों को प्राथमिकता में रखा जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## भारत में वस्त्र क्षेत्रक-

- **GDP में योगदान:** 2.3%
- कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगार प्रदाता।
- भारत विश्व में वस्त्र एवं परिधान का 6th सबसे बड़ा निर्यातक।

## प्रमुख योजनाएँ-

1. संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन कोष योजना।
2. प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एण्ड अपैरल पार्क योजना (पीएम मित्र)।
3. राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजव्यवस्था

## भारतीय न्यायपालिका का डिजिटलीकरण

### चर्चा में क्यों?

- भारत के मुख्य न्यायाधीश ने केरल के वायनाड़ जिले के कलपेट्टा में देश की पहली पूर्ण पेपरलेस जिला अदालत का वर्चुअल उद्घाटन किया।



### मुख्य बिन्दु:

**न्यायपालिका के डिजिटलीकरण के चरण-**

- **कृत्रिम बुद्धिमत्ता समिति:** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित जो भारतीय न्यायपालिका में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग की अवधारणा, कार्यान्वयन और निगरानी के लिए जिम्मेदार है।
- **ई-कोर्ट परियोजना:** इसके तीसरे चरण के तहत् (जिसे वर्ष 2023-24 से 4 वर्ष के लिए मंजूरी दी गई थी) एआई और ब्लॉकचेन जैसी भविष्य की तकनीकों पर कार्य किया जाएगा।
- सुप्रीम कोर्ट पोर्टल असिस्टेंस इन कोर्ट एफिशिएंसी (SUPACE) नामक एआई उपकरण विकास के चरण में है।
- **अंतरसंचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली (ICJS):** यह प्रणाली पुलिस, फोरेंसिक विभाग, जेलों और अदालतों को एक एकीकृत डिजिटली प्लेटफॉर्म में एकीकृत करती है।
- **राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (NJDG):** यह अदालतों में लंबित मामलों और उनके निपटान से संबंधित वास्तविक समय का डेटा प्रदान करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR